# UNIVERSITY NEWS 06 DECEMBER 2025

## DAINIK JAGARAN

# आप जबसे मिले हैं गुलशनों की तरह . . .



लवि के एपी सेन हाल में हुए साहित्यिक सांस्कृतिक सम्मिलन का उद्घाटन करतीं सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो .अंचल श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथि • सौ. लवि

जासं • लखनऊ :"या रखिए सदा औरों को बताते रहिए, रिश्ते हमदर्दी का सबसे निभाते रहिए, भूखा सोए है कोई उसे जगाते रहिए, होगा सब ठीक यही ख्वाब दिखाते रहिए' प्रयागराज से आईं साहित्यकार सरोजनी चौधरी ने कविता प्रस्तुत की तो खूब तालियां बजीं। मौका था लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में शुक्रवार को आयोजित साहित्यिक सांस्कृतिक सम्मिलन-2025 का। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग और गुरुग्राम की साहित्यिक संस्था "शब्द यात्रा" के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि "सांस्कृतिकी" निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में संगीता सिंह ने अपनी कविता "जिंदगी सज गईं दुल्हनों की तरह, आप जबसे मिले हैं गुलशनों की तरह...प्रस्तुत की। प्रो. मीनाक्षी पाण्डेय ने गजल "इतना तुम्हारा कद बड़ा की झुकना पड़ा मुझे," की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। पूर्व कृषि विज्ञानी पुनीत चंद्रा ने अपने स्वर के माध्यम से सबको आनंदित किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की अध्यक्ष विद्यावती कालरा ने कहानी प्रस्तुत की। विनय कुमार ने "क्या सरसराहट सी है चिलमन के उस तरफ" गजल से समा बांधा। राकेश रायजादा, सुधा मिश्रा, केके पांडे, मनोरमा श्रीवास्तव, गीता जयसिंह, मीनाक्षी पाण्डे ने भी सहभागिता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान के अध्यक्ष एवं शायर आर.के श्रीवास्तव ने कविता के तीन अक्षर "क" से कवि,"व" से विचार और "त" से तालमेल बताया। कार्यक्रम में शब्दयात्रा गुरुग्राम की अध्यक्ष शारदा मित्तल, महासचिव प्रीति मिश्रा, हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# 'जीवन के पहलुओं से परिचित कराती हैं कहानियां'

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विषय के प्रोफेसर रवींद्र प्रताप सिंह ने साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से आयोजित "अंग्रेजी में कथावचन एवं अनुवाद : अवलोकन, पुनरावलोकन एवं नवाचार" विषय पर हुई संगोष्ठी में "स्टोरी टेलिंग इन अवधी कल्चरल ट्रेडिशनः रिसेप्शन इन द डिजिटल वर्ल्ड" पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, कहानियां हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराती हैं। साथ ही समाज के प्रति जागरूक बनाती हैं। वर्तमान परिवेश में कहानियां यथार्थ को कैसे नियंत्रित करती हैं और कैसे कहानियों से समाज बनता है। वि.

**पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम जारी**

लवि के लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस विभाग ने पीएच.डी सत्र 2024-2025 बैच का कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। विद्यार्थी यह परिणाम www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से देख सकते हैं।

## AMRIT VICHAR

# ओपन विंग्स फाउंडेशन में इंटर्नशिप का मौका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने छात्रों के लिए ओपन विंग फाउंडेशन में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। एमबीए, पीजीडीएम, पीजीपीएम, एमएसडब्ल्यू एचआर व पात्र स्नातक छात्र 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप वर्चुअल मोड में आयोजित होगी, जिसमें प्रतिदिन केवल 1-2 घंटे कार्य शामिल है। चयनित छात्रों को 10 हजार रुपए स्टाइपेंड, फंडरेजिंग पर 5 प्रतिशत प्रदर्शन-आधारित इंसेंटिव तथा योग्य उम्मीदवारों को पीपीओ बनने का अवसर भी मिलेगा। प्लेसमेंट सेल का कहना है कि यह कार्यक्रम छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांड बिल्डिंग, फंडरेज़िंग, पार्टनरशिप मैनेजमेंट और प्रस्ताव लिखना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव दिलाएगा।

# शब्द यात्रा पर आयोजित कार्यक्रम

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग एवं शब्द यात्रा गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक सांस्कृतिक सम्मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि "सांस्कृतिकी" की निदेशक प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव रही। इस कार्यक्रम में डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नावास विश्वद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष आरके श्रीवास्तव एवं प्रतिष्ठित शायर एवं साहित्यकार विनय कुमार उपस्थित रहे।

## HINDUSTAN

# शब्द ब्रह्म हैं इसलिए सावधानी से चुनें

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग और शब्द यात्रा गुरुग्राम की ओर से साहित्यिक सांस्कृतिक सम्मेलन हुआ। सांस्कृतिकी निदेशक प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव ने कहा कि शब्दों का चयन कौशल और सावधानी से करना चाहिए। शब्द ब्रह्म हैं। शब्द शब्द से ही मनुष्य निःशब्द की यात्रा करता है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने बताया कि साहित्य की पृष्ठभूमि से संस्कृति जन्म लेती है और संस्कृति के पृष्ठभूमि से साहित्य का जन्म होता है। शब्द यात्रा की अध्यक्ष शारदा मित्तल, महासचिव प्रीति मिश्रा भी मौजूद रहीं।

# एलयू में पीएचडी कोर्स वर्क का रिजल्ट जारी

एलयू में 2024-25 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंसेज के पीएचडी कोर्स वर्क का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस संबंध में संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अरविन्द मोहन और विभागाध्यक्ष प्रवीश प्रकाश की ओर से पत्र जारी किया गया है।

## AMAR UJALA

# 10 तक कर सकेंगे इंटर्नशिप के लिए आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर देते हुए मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इस इंटर्नशिप के लिए एमबीए, पीजीडीएम, पीजीपीएम, एमएसडब्ल्यू व अन्य पात्र स्नातक छात्र 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह इंटर्नशिप पूरी तरह से वर्चुअल मोड में होगी। ओपन विंग्स फाउंडेशन के इस इंटर्नशिप में रोजाना सिर्फ एक से दो घंटे कार्य निर्धारित है। इस दौरान उन्हें दस हजार रुपये का मानदेय भी मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

# शब्दों से मनुष्य कर सकता है निशब्द की यात्रा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में शुक्रवार को हिंदी विभाग और गुरुग्राम की साहित्यिक संस्था शब्द यात्रा की ओर से सांस्कृतिक सम्मिलन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने कहा कि शब्द ब्रह्म हैं, शब्दों के जरिये मनुष्य निःशब्द की यात्रा करता है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 20 साहित्यकारों ने कविता, गजल और कहानियों के जरिये शब्दों का जादू बिखेरा। शायर विनय कुमार, प्रो. मीनाक्षी पांडेय, सरोजनी चौधरी, संगीता सिंह, विद्यावती कालरा, डॉ. रेखा मित्तल समेत कई रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

## I NEXT

# पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम जारी

**LUCKNOW:** लखनऊ विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस विभाग ने शुक्रवार को पीएचडी सत्र 2024-2025 बैच का कोर्स वर्क परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है. विद्यार्थी यह परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से देख सकते हैं. विभाग के अध्यक्ष डा. प्रवीश प्रकाश ने इसकी सूचना जारी की है.

## HINDUSTAN

# एलयू छात्रों के पास इंटर्नशिप का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने छात्रों के लिए ओपन विंग्स फाउंडेशन में मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन मांगे हैं। एमबीए, पीजीडीएम, एमएसडब्ल्यू एचआर और पात्र स्नातक छात्र 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप वर्चुअल मोड में आयोजित होगी, जिसमें प्रतिदिन केवल एक से दो घंटे कार्य शामिल हैं। चयनितों को 10 हजार स्टाइपेंड मिलेगा।